# श्याम सरकार है तू | By Sapna Sufi & Panna Sufi

मेरी सरकार है तू लखदातार है तू
मेरी सरकार है तू लखदातार है तू

तेरे दर पे आना जाना सांवरे मेरा प्यार है तू
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू
मैं श्याम का प्रेमी हूँ ये कहता मैं शान से
सरकार ये सच्ची है मैं कहता ईमान से
मेरा श्याम कभी करता नहीं झूठे वायदे
इसीलिए हर प्रेमी से ये ही सुनाई दे
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू

मुझे सांवरे से जब भी कोई काम है पड़ा
मेरी मुश्किलों में संग मेरा श्याम है खड़ा
ये संग है तो सामने ना दु:ख दिखाई दे
इसीलिए हर प्रेमी से ये ही सुनाई दे
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू

तुम सेठ बनाते हो सेठों की है फैक्ट्री
श्रृंगार तेरा देख लू तो फुल है बैटरी
मेरी मुश्किलों में सांवरे तू संग दिखाई दे
इसीलिए हर प्रेमी से ये ही सुनाई दे
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू

मेरी सरकार है तू लखदातार है तू
मेरी सरकार है तू लखदातार है तू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a4%e0%a5%82-by-sapna-sufi-panna-sufi/